>

Title: Need to expedite double laning of road from Jamsar to Khajuwala via Nursar and Pugal in Bikaner district of Rajasthan.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** सीमा सड़क संगठन द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र बीकानेर के गांव जामसर-नूरसर-पूगल-खाजूवाला रोड़ को डबल करने का कार्य वर्ष 2011 की शुरूआत में ही स्वीकृत कर दिया गया था, लेकिन कार्य की प्रगति धीमी होने के कारण यह रोड़ अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई। यह सड़क बीकानेर से खाजूवाला को जोड़ती है। खाजूवाला पंचायत समिति, तहसील व उपखण्ड मुख्यालय है। खाजूवाला इन्दिरा गांधी नहर परियोजना का विकासशील क्षेत्र होने के कारण आसपास के इलाकों से किसान खाजूवाला क्षेत्र में बसे हैं तथा अपनी किसानी के माध्यम से कृषि उत्पादन करते हैं तथा इनको समय-समय पर अपने पैतृक गांव/कस्बों में यात्रा करनी पड़ती है और इस यात्रा के लिए इस प्रस्तावित रोड़ का ही उपयोग होता है। इसके अलावा खाजूवाला में बीएसएफ एवं सेना का ही मूवमेंट काफी रहता है। मुझे सीमा सड़क संगठन द्वारा यह भी बताया गया कि बजट की कोई कमी नहीं है, लेकिन फिर भी सड़क निर्माण की गति धीमी होने के कारण वहां के नागरिकों में तथा बीएसएफ एवं सेना के अधिकारियों में रोष है। अतः मैं भारत सरकार के रक्षा मंत्री से मांग करता हूं कि सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक को सड़क निर्माण की गति बढ़ाने एवं समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देशित करें ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।